भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश के 3 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार ज़ोरों पर– मुख्यमंत्री ने कहा–कोई भी पौंग बांध विस्थापित परिवार नहीं रहेगा भूमिहीन।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर लगाया भ्रम व अफवाहों की राजनीति करने का आरोप।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक और नवाचार अपनाने का आह्वान।

और

- प्रदेश में मॉनसून की भारी वर्षा का दौर जारी– बीबीएमबी ने पंडोह डैम के फ्लड गेट खोले।

..............

उपचुनाव–प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी। मतदान के लिए अब चार दिन शेष हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार पूरे चरम पर है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेता इन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से वोट मांग रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस सरकार किसी भी पौंग बांध विस्थापित परिवार को भूमिहीन नहीं रहने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं इस मामले को देखेंगे और यदि कानून बदलना पड़ा तो कानून भी बदल देंगे, लेकिन विस्थापितों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 से 20 हज़ार 7 सौ 22 प्रभावित परिवार न्याय की आस में दर–दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। अब कांग्रेस सरकार उनकी समस्याएं सुलझाएगी। मुख्यमंत्री आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के लुदरेट, नंदपुर, भटोली, जरलियां, गुलेर, गढ़ूटर और भटोली–फकोरियां में पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि देहरा के पूर्व विधायक व भाजपा उम्मीदवार होशियार सिंह ने 6 सालों तक देहरा की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया और केवल अपने विकास में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि होशियार सिंह विधायक बनने के लिए नहीं बल्कि अपने अधूरे रिज़ॉर्ट का काम पूरा करने के लिए वोट मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार सत्ता संभालने के पहले दिन से ही लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है।

<u>अनुराग ठाकुर</u>

भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस भ्रम और अफवाहों की राजनीति कर रही है। अनुराग ठाकुर ने आज देहरा में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि देश व प्रदेश की जनता कांग्रेस की इस तरह की राजनीति से नहीं डरेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि देहरा में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर की हार के बाद भी क्या कांग्रेस द्वारा किए गए वायदे पूरे होंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में केवल मित्रों को लाभ मिल रहा है और राज्य पर कर्ज का बोझ 95 हज़ार करोड़ रूपये से ऊपर पहुंच गया है। उन्होंने कांग्रेस से ये भी पूछा कि उसे देहरा में आखिर कोई स्थानीय उम्मीदवार क्यों नहीं मिला। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह की जीत होगी। उन्होंने कांग्रेस पर आपदा में भी राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र द्वारा आपदा में दिए गए पैसों की प्रदेश सरकार ने बंदरबांट की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि धर्मशाला और देहरा में चल रहे केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसरों के निर्माण से यहां हज़ारों लोगों को रोज़गार मिलेगा।

<u>बिंदल</u>

दूसरी ओर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के उस बयान को सफेद झूठ करार दिया है जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार ने डेढ़ साल में 28 हज़ार नौकरियां दी है। बिंदल ने देहरा में विभिन्न चुनावी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में सरकार ने इस अवधि में एक भी नौकरी नहीं दी है। इसके विपरीत सरकार 30 हज़ार करोड़ रूपये का कर्ज़ ले चुकी है तथा 9 हज़ार करोड़ का और कर्ज़ लेने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं। इससे साबित होता है कि सरकार ये कर्ज़ सिर्फ मित्रों के टोले की भलाई के लिए ले रही है।

<u>एग्ज़िट पोल</u>

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के मद्देनज़र देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत 10 जुलाई को सांय साढ़े 6 बजे तक एग्ज़िट पोल के आयोजन, प्रकाशन और प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान किसी भी चुनाव संबंधी सामग्री, ओपिनियन पोल के परिणाम और अन्य किसी भी प्रकार के सर्वेक्षण के प्रसार पर भी प्रतिबंध रहेगा।

<u>संपूर्णता अभियान</u>

दूरदराज इलाकों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के मकसद से नीति आयोग ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके तहत एक जुलाई से 30 सितंबर तक चयनित ब्लॉकों में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज

किन्नौर ज़िला के पूह में संपूर्णता अभियान का उपायुक्त अमित कुमार ने शुभारंभ किया। उपायुक्त ने इस मौके पर अभियान के तहत 6 मुख्य कार्यक्रम सूचकों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी विभागों को शेष 34 मुख्य कार्यक्रम सूचकों पर निरंतर कार्य करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें पूह खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों की मैराथन में रिब्बा स्कूल के मुन्ना प्रथम जबकि छात्राओं की दौड़ में कानम स्कूल की विपाशा प्रथम रही। शिमला ज़िला के कुपवी में भी आज नीति आयोग के उप–सलाहकार ए. मुरलीधरन ने संपूर्णता अभियान की शुरूआत की। उन्होंने इस मौके पर अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और लोगों को कार्यक्रम की शपथ दिलाई।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि इंजीनियर और वैज्ञानिक आधुनिक समाज के निर्माता हैं जो नवाचार को आगे बढ़ाते हैं और समाज की ज़रूरतों को पूरा करने वाले समाधान तैयार करते हैं। राज्यपाल आज जे.पी. सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सोलन के छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर विद्यार्थियों को डिग्रियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए। राज्यपाल ने कहा कि डिग्रीधारक मौजूदा परिवर्तनकारी समय में सबसे आगे रहे हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कौशल व ज्ञान से लैस हैं। उन्होंने डिग्रीधारक और स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता में उनके माता–पिता, अभिभावकों, शिक्षकों और संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह एक संस्कार है जो एक अध्याय के अंत और अनंत संभावनाओं से भरे दूसरे अध्याय की शुरूआत का प्रतीक है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय बना हुआ है और बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस दौरान धर्मशाला में सर्वाधिक 2 सौ 15 मिलीमीटर, पालमपुर में 2 सौ 12, जोगिन्द्रनगर में एक सौ 69, कांगड़ा में एक सौ 58, बैजनाथ में एक सौ 42, जोत में 95, नगरोटा–सूरियां में 90, सुजानपुर टीहरा में 72, धौलाकुआं में 70, गमरौर में 68, नादौन में 63 और बरठीं में 59 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मॉनसून की व्यापक से भारी वर्षा के चलते जहां न्यूनतम तापमान सामान्य बना हुआ है वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। विभाग ने आज राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों तक राज्य में अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा जारी रहेगी। इसके बाद वर्षा में कुछ कमी आने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा से एक सौ 50 सड़कें, एक एन.एच., 3 सौ 34 बिजली के ट्रांसफार्मर और 55 पेयजल योजनाएं बंद हैं। सर्वाधिक एक सौ 11 सड़के मंडी ज़िला में बंद हैं जबकि सिरमौर में 13, शिमला में 9, चंबा और कुल्लू में 8–8 व कांगड़ा में एक सड़क बंद है।

पंडोह डैम

मंडी ज़िला में बीते 3 दिनों से भारी बारिश हो रही है, ऐसे में लारजी और पंडोह डैम में जलस्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए दोनों डैम के प्रबंधन ने बांधों के गेट खोल दिए हैं। पंडोह डैम से 21 हज़ार 4 सौ क्यूसेक पानी प्रति सैकंड छोड़ा जा रहा है। इसके चलते ब्यास नदी के निचले क्षेत्रों में नदी का जलस्तर बढ़ गया है। मंडी में ब्यास नदी का पानी पंचवक्त्र महादेव मंदिर की पौड़ियों तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए मंडी ज़िला प्रशासन ने लोगों को नदी के किनारों से दूर रहने की अपील की है। पंडोह डैम के अधिशासी अभियंता विवेक चोपड़ा ने बताया कि डैम में 29 हज़ार 2 सौ 48 क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड पहुंच रहा है। इसके बावजूद डैम में पानी की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की ज़रूरत नहीं है। इस बीच भारी बरसात के कारण मंडी शहर के लिए पानी की आपूर्ति करने वाली योजना में बाधा आ जाने से मंडी शहर में बीते 2 दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस कारण लोगों को भारी बरसात के बीच भी जोरदार पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

डीसी लाहौल

लाहौल–स्पिति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा है कि ग्राम्फू काजा सड़क पर बातल में जल्द ही सैटेलाईट फोन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त ने आज केलंग में कहा कि इस सड़क पर नो–नेटवर्क जोन की वजह से पर्यटकों की चिंताएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में पर्यटकों और इस सड़क से सफर करने वाले अन्य लोगों की सुविधा के लिए ये टेलीफोन लगाया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि ज़िला प्रशासन मॉनसून के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि ज़िले में ग्लेशियरों के पिघलने और बारिश की वजह से बार–बार सड़के अवरूद्ध हो रही हैं, इसलिए मनाली से लेह और ग्राम्फू से चंद्रताल व काजा के बीच सफर करने वाले लोग ज़िला अपदा प्रबंधन की सड़क संबंधी एडवाइज़री का पालन अवश्य करें।

..........................................................................................................................................................
..